# कृषि विज्ञान केन्द्र, हरनौत, नालन्दा

गोनामा रोड, हरनौत, जिला- नालन्दा, पिनकोड - 803110
बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली)

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहद
## कृषक मार्गदर्शिका

# मंडुआ/रागी

**परिचयः** इसे फिंगर बाजरा, अफ्रीकी फिंगर बाजरा, लाल बाजरा और रागी के रूप में जाना जाता है, घरेलू उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सबसे पुराना भोजन और पहला अनाज है।

**भूमि की तैयारीः** इसे विभिन्न प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है।

**बुवाई का समयः-** रागी की बुवाई मई के आखिर से जून तक की जाती है।

**तापमानः** रागी की खेती के लिए शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है।

**बीज उपचारः** ट्राइकोडर्मा हार्जियानम 4 ग्राम प्रति किग्रा. या कार्बेन्डाजीम 2 ग्राम प्रति किलो ग्राम बीज।

**बीज की मात्राः** सीधी बुवाई के लिए 12 किलो और रोपाई विधि के लिए 5 से 10 किलो प्रति हेक्टेयर बीज लगता है।

**उर्वरक एवं प्रयोग की विधिः** बुवाई से एक महीने पहले 5–10 टन गोबर की खाद डालें। वर्षा आधारित फसल के लिए नाइट्रोजन फहस्फोरस पोटाश का प्रयोग 60:30:20 कि.ग्रा./हे. की दर से करें।

**खरपतवार नियंत्रणः** खरपतवार नियंत्रण के लिए अह्क्सीफ्लूरोफेन 1.25 किलो या आइसोप्रोट्रोन 400 ग्राम प्रति एकड़ उगने से पहले खरपतवारनाशी का छिड़काव करें। खरपतवारों के प्रभावी नियंत्रण के लिए बिजाई के 20—25 दिन बाद 2—4 डी सोडियम साल्ट 250 ग्राम प्रति एकड़ में स्प्रे करें।

**सिंचाईः–** रागी वर्षा ऋतु की फसल होने के कारण इसे सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है। लेकिन कल्ले निकलने और फूल आने की अवस्था में सिंचाई की आवश्यक होती है।

## मंडुआ का पौषणिक मूल्य प्रति 100 ग्राम

| | | | |
|---|---|---|---|
| नमी | 13.1 | कार्बोहाइड्रेट | 72.0 |
| प्रोटीन | 7.3 | ऊर्जा | 328 |
| बसा | 1.3 | कैल्शियम | 344 |
| खनिज | 2.7 | फॉस्फोरस | 283 |
| फाइबर | 3.6 | लोहा | 3.9 |

**उपजः** 20 से 25 क्विंटल प्रति हे. अनाज एवं 60 से 70 क्विटल प्रति है. पुआल प्राप्त की जा सकती है।

**बिहार में मंडुआ/रागी के उगने वाले किस्मः** राजेन्द मडुआ-1, राजेन्द्र-1, आरए.यू.-3, आर. ए.यू.-8, बी.आर-407

मंडुआ के नमकीन

मंडुआ का हलुआ

मंडुआ के लड्डू

मंडुआ के बिस्कुट

मंडुआ के मुरूक्कू

मंडुआ का आटा


# कृषि विज्ञान केन्द्र, हरनौत, नालन्दा

गोनामा रोड, हरनौत, जिला- नालन्दा, पिनकोड - 803110

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली)

Mobile No. 9934488102 | Email- nalandakvk2017@gmail.com